आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शनिवार** **दिनांक 26.07.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- पिछले दो दिनों से रूक–रूक हो रही तेज बारिश के चलते प्रदेश के विभिन्न जिलों में सामान्य जनजीवन प्रभावित–कई नदी–नाले उफान पर।

- केंद्रीय राज्यमंत्री डॉक्टर पेम्मासानी चंद्रशेखर ने अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान नारायणपुर और मोहला मानपुर जिलों में केन्द्रीय योजनाओं की समीक्षा की।

- देश आज करगिल विजय दिवस मना रहा है–करगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में अनेक कार्यक्रमों का किया जा रहा है आयोजन।

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से ''मन–की–बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।

**बारिश–01**

पिछले दो दिनों से रूक–रूक हो रही तेज बारिश के चलते राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में सामान्य जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। कई नदी–नाले उफान पर हैं और अंदरूनी इलाकों के कुछ गांवों का सड़क संपर्क जिला मुख्यालय से टूट गया है।

दुर्ग जिले के ग्राम सुरजीडीह और रामपुर नाले की बाढ़ में तीन लोग फंस गए, जिन्हें आज एसडीआरएफ की टीम ने सुरक्षित निकाल लिया। एसडीआरएफ प्रभारी और जिला सेनानी नागेंद्र कुमार बानसूर ने बताया कि

बाढ़ में लोगों के फंसने की सूचना पर एस.डी.आर.एफ. टीम तत्काल रवाना की गई थी। कड़ी मशक्कत के बाद तीन लोगों और तीन पशुओं को सुरक्षित निकाला गया।

उधर, सरगुजा जिले में लगातार बारिश से कई नदी—नाले उफान पर हैं। मैनपाट में मछली नदी में तीन लोग बह गए। वहीं, अंबिकापुर—राजपुर मार्ग भी गऊर नदी में पानी पुल से ऊपर बहने से बंद है।

इधर, खैरागढ़ सहित जिले के वनांचल क्षेत्रों में बीती रात से हो रही बारिश के बाद कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात है।

वहीं, जांजगीर—चांपा जिले में रिंगनी नाला उफान पर है। पुल के दो फीट ऊपर से पानी बह रहा है और आवागमन बाधित है। मौके पर होम गार्ड की टीम तैनात की गई है। इसी तरह बिलारी नाला भी उफान पर है और पुल से दो फ़ीट ऊपर पानी बह रहा है, जिससे राहौद—सलखन मार्ग पर आवागमन अवरूद्ध हो गया है।

इसी तरह, महासमुंद जिले में भी महानदी सहित कई नदी—नालों का जलस्तर बढ़ गया है।

**<u>बारिश—02</u>**

उधर, बीजापुर जिले में लगातार हो रही बारिश से राष्ट्रीय राजमार्ग—तिरसठ और एक सौ तिरसठ पर आवागमन बाधित हुआ है। चेरपाल, मिरतूर, बासागुड़ा, कुटरु क्षेत्र में नदी—नाले उफान पर हैं। जिला कलेक्टर संबित मिश्रा ने अपील लोगों से करते हुए कहा है कि आवश्यक कार्य हो तो ही घर से बाहर निकलें। बाढ़ प्रभावितों की मदद के लिए टीम तैनात की गई है।

इस बीच, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई है। वहीं, एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी भी दी गई है।

**केन्द्रीय मंत्री–नारायणपुर**

केंद्रीय ग्रामीण विकास और संचार राज्यमंत्री डॉक्टर पेम्मासानी चंद्रशेखर ने अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दौरान नारायणपुर जिले में विभिन्न योजनाओं और संस्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान वे ग्राम पंचायत खड़कागांव में मनरेगा योजना अंतर्गत पौधरोपण में कार्यक्रम शामिल हुए। यहां किसानों की भूमि पर आम, अमरूद, काजू, नींबू और कटहल के पौधे लगाए गए।

इसके बाद केंद्रीय राज्यमंत्री ने "प्रधानमंत्री जनमन योजना" के तहत काकोड़ी से बागडोंगरी तक बनी सड़क का भी अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने बागडोंगरी में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नवनिर्मित आवास का निरीक्षण कर लाभार्थी पार्वती पोटाई से बातचीत की।

इसके अलावा डॉक्टर चंद्रशेखर ने एजुकेशन हब गरांजी स्थित 'परीयना निःशुल्क जेईई–नीट कोचिंग संस्थान' और परीयना दिव्यांग आवासीय विद्यालय  का निरीक्षण कर वहां अध्ययनरत विद्यार्थियों से संवाद किया।

इस बीच, केन्द्रीय राज्यमंत्री ने आज मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले के  मोहला में अधिकारियों की बैठक लेकर शासन की योजनाओं की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की।

**करगिल विजय दिवस**

देश आज करगिल विजय दिवस मना रहा है। यह दिवस उन्नीस सौ निन्यानवे में पाकिस्तान के खिलाफ हुए करगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की है। राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्र के लिए उनका समर्पण और सर्वोच्च बलिदान नागरिकों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन उन वीर सपूतों के अदम्य साहस और पराक्रम की याद दिलाता है, जिन्होंने राष्ट्रीय गौरव की रक्षा के लिए अपना जीवन समर्पित किया।

आज प्रदेश के विभिन्न जिलों में करगिल दिवस पर शहीद जवानों की स्मृति में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बेमेतरा में शौर्य और समर्पण का पर्व मनाया गया।

**<u>माओवादी–मुठभेड़</u>**

अभी–अभी प्राप्त समाचार के अनुसार बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। इस मुठभेड़ में कम से कम तीन माओवादियों के मारे जाने की खबर है। यह मुठभेड़ जिले के गंगालूर इलाके में जारी है।

**<u>मन की बात</u>**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से ''मन–की–बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ चौबीसवीं कड़ी होगी। आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन मोबाइल ऐप पर यह कार्यक्रम सीधे प्रसारित होगा। आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा।

**<u>मुख्यमंत्री–प्रधानमंत्री बधाई</u>**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ''मॉर्निंग कंसल्ट ग्लोबल लीडर एप्रूवल रेटिंग ट्रेकर'' में विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता के रूप में शीर्ष स्थान पर हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस उपलब्धि के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## **व्यापमं–परीक्षा निर्देश**

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा आबकारी आरक्षक के पदों पर भर्ती के लिए प्रवेश परीक्षा कल सत्ताईस जुलाई को सुबह ग्यारह बजे से आयोजित की जाएगी।

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल की परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए नये दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं। अभ्यार्थियों को परीक्षा के दिन निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में दो घंटे पूर्व अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। परीक्षा प्रारंभ होने के पन्द्रह मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा। अभ्यर्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आना होगा। फुटवियर के रूप में चप्पलों का उपयोग करना होगा। महिला अभ्यर्थियों को कान में किसी भी प्रकार का आभूषण पहनना वर्जित है। परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जाएगी। परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रानिक उपकरण, इलेक्ट्रानिक घडी, पर्स, पाऊच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।

## **संक्षिप्त समाचार**

### **और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...**

– केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में मुलाकात की। इस मौके पर श्री साहू ने विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी साझा की।

– छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के नवनियुक्त अध्यक्ष संदीप शर्मा ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह और खाद्य मंत्री दयालदास बघेल मौजूद थे।

– उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कबीरधाम जिले में उदयाचल संस्था द्वारा संचालित मोबाइल नेत्र जांच वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह मोबाइल वैन जिले के तरेगांव, रेंगाखर, कुकदूर, बोक्काखार जैसे दुर्गम और सुदूर गांवों में जाकर मोतियाबिंद और अन्य नेत्र संबंधी रोगों की पहचान करेगी।

–　　राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान–एनआईटी रायपुर और विकास तरंगिणी छत्तीसगढ़ द्वारा आज एनआईटी परिसर में महिलाओं के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता तथा जांच शिविर का आयोजन किया गया।

–　　जशपुर जिले में हाथी के हमले में एक ग्रामीण की मौत हो गई है। यह घटना आज सुबह पत्थलगांव वन परिक्षेत्र के अंतर्गत भालाझर गांव के पास चिमटापानी–चोरपानी के जंगल में हुई है।

–　　गरियाबंद जिले में बोडेन थाना क्षेत्र के काटफाड़ और छातापानी इलाके में सुरक्षा बलों ने सर्चिंग ऑपरेशन के दौरान देशी बंदूक और विस्फोटक सहित बड़ी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद की है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>